दिनांक-15 11 2024

समय-7 10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- जनजातीय गौरव दिवस आज, समारोह पूर्वक मनेगी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती।
- परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाई जा रही है गुरूनानक जयंती। प्रदेश में भी होंगे कई कार्यक्रम।
- बच्चों को ऊर्जा की जरूरत और महत्व के बारे में जागरूक बनाए, कहा राज्यपाल ने।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा और अंतिम टी-20 क्रिकेट मैच आज।

जनजातीय गौरव दिवस

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाता है। आज से ही भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने अपने संबोधन में कहा कि ....

बाइट-राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के जमुई में भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। वे ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए छह हजार छह सौ चालीस करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

आकाशवाणी दिल्ली अपने एफएम गोल्ड और इन्द्रप्रथ चैनल पर दिन के साढ़े ग्यारह बजे से समारोह का सीधा प्रसारण करेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर शहडोल में आयोजित राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में भी वर्चुअली शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी छिंदवाड़ा के बादल भोई जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय एवं जबलपुर के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय, राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस आयोजन में प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सहित अनेक जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग शामिल होंगे। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जायेगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में धार के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस परिसर में दोपहर एक बजे भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया जायेगा।

गुरू नानक जयंती

गुरु नानक जयंती को आज देश-विदेश में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यह सिख धर्म के पहले गुरु, गुरु नानक देव जी के जन्म का प्रतीक है, जिन्होंने सिख धर्म की नींव रखी थी। इस वर्ष गुरु नानक देव जी की 555वीं जयंती मनायी जा रही है। आज के दिन दुनिया भर के श्रद्धालु विशेष प्रार्थना करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरू नानक देव के प्रकाश पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि गुरू नानक देव ने प्रेम, भाईचारा, त्याग और बलिदान के जीवन मूल्यों पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि गुरूनानक देव का जीवन मानवता की सेवा का संदेश देता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरू नानक जयंती की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुरू नानक जी का जीवन समाज को एकता, सदभाव और शांति कायम करने के साथ मानवता की मूल सिद्धांतों, करूणा और न्याय की ओर ले जाता है।

पुरस्कार समारोह-राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है। इसलिए जरूरी है कि बच्चों को ऊर्जा की भावी ज़रूरतों और महत्व के प्रति जागरूक बनाएं। राज्यपाल श्री पटेल गत दिवस भोपाल के सुभाष भवन में आयोजित ऊर्जा संरक्षण पर आधारित, राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए।

विद्युत ग्रिड-बडवानी

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत दो नए ग्रिड़ों का लोकार्पण किया जाएगा। यह दोनों ग्रिड बड़वानी जिले में स्थित हैं, ये ग्रिड जनजातीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं की सुविधाओं के मद्देनजर तैयार किए गए हैं। इन ग्रिडों की कुल लागत साढ़े तीन करोड़ रूपए से ज्यादा हैं। इन ग्रिडों से हजारों कृषक और घरेलू बिजली उपभोक्ता लाभान्वित होंगे। बड़वानी खुर्द बावनगजा के नए ग्रिड से विशेषकर बावनगजा जैन तीर्थ क्षेत्र के श्रद्धालुओं को भी पहले की तुलना में और गुणवत्ता के साथ बिजली मिलेगी।

क्षिप्रा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि क्षिप्रा नदी में स्नान करने का विशेष धार्मिक महत्व है। माँ क्षिप्रा के पावन स्नान का सौभाग्य सभी संतो और श्रद्धालुओं को वर्ष भर मिलना चाहिए। इसके लिए वर्षाकाल में क्षिप्रा नदी के मूल पानी को संचित करें।

डॉ. यादव गत दिवस मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वृहद परियोजना नियंत्रण मंडल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के शुरू होने से पहले सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। उज्जैन के लोगों को पेयजल की आपूर्ति पूर्ण रूप से हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

राजस्व महा-अभियान

प्रदेश में आज से राजस्व महा-अभियान का तीसरा चरण शुरू हो रहा है। इस संबंध में प्रमुख सचिव राजस्व ने बताया कि  लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को राजस्व महा-अभियान 3.0 में ठीक किया जायेगा। सभी जिला कलेक्टर्स को महा-अभियान के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जिलेवार प्रगति के लिये राजस्व महा-अभियान डेश बोर्ड भी बनाया गया है।

महा-अभियान में राजस्व न्यायालयों में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती, सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को राजस्व न्यायालयों में दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सैच्युरेशन, आधार का आरओआर से लिंकिंग, परम्परागत रास्तों का चिन्हांकन, फार्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना शामिल है। इंदौर में भी राजस्व महा अभियान-3 में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। आगरमालवा कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले में राजस्व महाभियान-3 के लिए समस्त अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देश दिए हैं। मुरैना जिले में भी इस संबंध में कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बैठक लेकर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये।

मादक पदार्थ-कार्रवाई

मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए प्रदेशव्यापी विशेष अभियान चलाया गया है। पुलिस ने कल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाही कर 10 करोड़ रूपए से अधिक की कीमत के सात सौ किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं।

अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा कई संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर अवैध मादक पदार्थों के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल अवैध मादक पदार्थों पर रोक लगाना है, बल्कि जनता में इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

भारत-दक्षिण अफ्रीका टी20 क्रिकेट

क्रिकेट में, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच आज जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में चौथा और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच रात साढ़े आठ बजे शुरू होगा। भारत चार मैचों की श्रृंखला में दो-एक से आगे है। पहले मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 रनों से हराया था, जबकि दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका ने मेहमान टीम को तीन विकेट से हराया। वहीं, तीसरे मैच में भारत ने एक बड़े स्कोर में दक्षिण अफ्रीका को 11 रन से हराकर श्रृंखला में दो-एक की बढत बना ली है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- खंडवा जिले में गत दिवस सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा हेतु "जिम्मेदार मर्दानगी अभियान" के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किशोर कुमार सभा गृह खंडवा मे आयोजित किया गया, जिसमे कुल 167 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

- कटनी शासकीय कन्या महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव का कल जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की उपस्थिति में समापन हुआ।

- डिंडोरी जिले में आयुष विभाग द्वारा कल निःशुल्क आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।

- बैतूल में आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ताप्ती नदी के घाट पर आयुष प्रचार-प्रसार शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में आयुष क्योर एप,

योग की सरल क्रियाओं और उनका महत्व, औषधीय पौधों की खेती और उनसे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

.....................................